# बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)

## यूथ रेडक्रॉस सोसायटी

## 2019-20

शैक्षणिक सत्र् 2019-20 में महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा विविध कार्यक्रम किये गये जो निम्नानुसार हैं।

01. राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की प्रथम-चरण के अवसर पर दिनांक 08.08.2019 को महाविद्यालय के 326 छात्र-छात्राओं को कृमिनाशक दवाई एलबेंड़ाजोल खिलाया गया। कृमिनाशक दवाई एलबेंडाजोल सेवन कर महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का परिचय दिया।

02. दिनांक 30.09.2019 को पोषण एवं आहार पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुजगहन से आये मितानिनों द्वारा कुपोषण निवारण में पोषण अभियान एवं सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डालते हुये कुपोषण पर जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया।

03. दिनांक 02.10.2019 को महाविद्यालय में तम्बाकू मुक्त कराने हेतु शपथ स्टॉफ के साथ बड़ी संख्या में छात्र/छात्राओं ने शपथ ली।

04. दिनांक 22.11.2019 को महाविद्यालय के प्राथमिक उपचार कक्ष में छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें 327 छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया उक्त शिविर जिला चिकित्सालय, धमतरी का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

05. विश्व एड्स दिवस के अवसर पर दिनांक 01.12.2019 को रेडक्रॉस सोसायटी एवं रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रो. पंकज जैन, प्रो.दुर्गेश प्रसाद, प्रो. कोमल प्रसाद, एवं डॉ. वेदवती देवांगन ने एच.आई.व्ही.एड्स की इतिहास पर प्रकाश डालते हुये एड्स के लक्षण, कारण तथा इसके बचाव के नया उपाय है पर विस्तृत प्रकाश डाला।





















# कॉलेज में लगा शिविर, 181 छात्रों ने रक्त परीक्षण कराया

धमतरी. शिविर में मौजूद कॉलेज के स्टाफ एवं पैथालॉजी कर्मचारी।

**धमतरी|** बीसीएस पीजी कॉलेज में यूथ रेडक्रास इकाई ने एनएसएस, एनसीसी कैडेट्स के सहयोग से रक्त परीक्षण शिविर लगाया। इस दौरान 181 छात्र-छात्राओं ने अपना रक्त परीक्षण कराया। शिविर में सिकलसेल की भी जांच की गई।

इसमें लक्ष्य पैथालॉजी के टेक्नीशियन आशीष पीटर, जय प्रकाश, तापेन्द्र कुमार साहू, देवेश कुमार, रूचि जैन, सुमन सिन्हा ने सेवाएं दी। शिविर समापन पश्चात सिकलसेल, एनिमिया के कारण, बचाव, उपाय विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन हुआ, जिसमें डॉ. नीलेन्द्र चक्रवर्ती ने छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. सीएस चौबे, डॉ. मनदीप खालसा, डॉ. वेदवती देवांगन, डॉ. तामेश्वरी साहू ,डॉ.शीतल सोनकर, खिलेन्द्र कुमार यादव, योगेश साहू, भुनेश्वरी साहू आदि भी मौजूद थे।